पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद श्रावस्ती के 2247 दिव्यांगजनों को प्रदान किया 3806 निःशुल्क सहायक उपकरण

उच्चीकृत डी0डी0आर0सी0 भवन का किया शुभारम्भ

सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध

–राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

राज्यपाल की प्रेरणा से 10 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने हेतु वितरित हुई किट

लखनऊ : 27 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज 27 जून, 2023 को अपने एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद श्रावस्ती में विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता की। राज्यपाल जी ने जनपद के एक बड़े कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पहुँचकर भारत सरकार की एडिप योजना के अन्तर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया। कार्यक्रम राज्यपाल जी ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र व एलिम्को कानपुर द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षण कैंप द्वारा पूर्व में चिन्हित जनपद के कुल 2247 लाभार्थियों को 01 करोड़ 86 लाख रूपये की लागत से 3806 उपकरणों को निःशुल्क प्रदान किया गया। जिसमें 137 मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, 795 ट्राईसाईकिल, 430 फोल्डिंग

व्हील चेयर, 433 बैसाखी, 418 एल्बो बैसाखी, 502 वॉकिंग स्टिक (छड़ी), 68 रोलेटर, 20 एडीएल किट, 07 सेल फोन, 480 बी0टी0ई0 (कान की मशीन), 131 टी0एल0एम0 किट, 02 ब्रेल स्लेट, 19 ब्रेल किट चाइल्ड, 14 ब्रेल केन, 143 सुगम्य केन, 39 सी0पी0 चेयर, 09 स्मार्टफोन एवं 159 कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स आदि उपकरण शामिल हैं।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है और सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित में तमाम योजनाओं का संचालन कर दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले के दिव्यांगजनों को के सहायता के लिए आज इसी क्रम में उन्हें कृत्रिम एवं सहायक उपकरण का वितरण किया जा रहा है। जिससे उन्हें दैनिक जीवन में सुगमता होगी। उनहोने कहा कि आज दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क कृत्रिम एवं सहायक अंग उपकरण वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आयेगा और वे अपने कार्यों को सुगमता से कर सकेंगे। उन्होने कहा कि मुझे खुशी है कि आज दिव्यांगजनों के लिए कई प्रकार की सुविधाओं का आयोजन किया गया है। दिव्यांगजनो के लिए अलग से जिला अस्पताल के पास में केन्द्र सरकार की सहायक संस्था द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भी दिव्यांगजन को अपने तथा अपने परिवार के लिए इधर–उधर भटकने की आवश्यकता नही है। एक ही स्थान पर वे केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजना का लाभ ले सकते हैं। एडिप योजना को अत्यंत लाभकारी बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए, जिससे शत्–प्रतिशत् दिव्यांगजनों को इससे लाभान्वित किया जा सके।

राज्यपाल जी ने आज श्रावस्ती में दिव्यांगजनों के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्थित उच्चीकृत जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का भी फीता काटकर शुभारम्भ किया और केन्द्र का अवलोकन कर सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के संचालन से निश्चित ही इस जनपद के दिव्यांगजनों को बेहतर सुविधा व लाभ मिलेगा।

राज्यपाल जी ने श्रावस्ती के संयुक्त जिला चिकित्सालय, भिनगा का निरीक्षण कर वहाँ स्वास्थय सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा इलाज के लिए आए मरीजों का हालचाल भी पूछा। उन्होंने

जनपद के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं मरीजों को समय से मुहैया कराने, अस्पताल में संचालित सभी वार्डों एवं यूनिटों की स्वयं निगरानी रखने को कहा ताकि अस्पताल में आए मरीजों को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने अस्पताल में रक्त की कमी की पूर्ति के लिए जन–मानस को अधिकाधिक रक्तदान हेतु प्रेरित करने के लिए भी कहा। अस्पताल के एस0एन0सी0यू0 वार्ड में भर्ती बच्चों की बेहतर देखभाल हेतु राज्यपाल जी ने सम्बन्धित चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों विशेष चर्चा की।

कार्यक्रम में श्रावस्ती की जिलाधिकारी, कृतिका शर्मा ने राज्यपाल जी को जनपद श्रावस्ती में रेडक्रास सोसाइटी का पुनर्गठन तथा कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेडक्रास सोसाइटी के प्रयासों से समाज में दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए एलिम्को के माध्यम से 09 श्रृंखलाबद्ध कैंप लगाकर 1.86 करोड़ रूपये के उपकरण प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ आज प्रदेश की राज्यपाल महोदया के करकमलों से चिन्हित दिव्यांगजन व्यक्तियों में से 2247 दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग उपकरण वितरित किये जाने से किया गया।

राज्यपाल जी के जनपद श्रावस्ती भ्रमण के दौरान राज्यपाल जी के विशेष निर्देश पर उनके विशेष कार्याधिकारी श्री अशोक देसाई एवं जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड सिरसिया में बने किसान कल्याण केन्द्र सभागार में पहुंचकर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों के 10 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने हेतु आंगनवाड़ी किट प्रदान की। इस किट में आंगनवाड़ी किट में झूले वाले घोड़े, ट्राईसाईकिल, नम्बर्स, एबीसीडी, फल, एनीमल्स, ब्लाक्स, पजेल्स, बॉल, क्ले (गोलियां बनाने के लिए), रिंग्स, स्टोरी बुक्स(पंचतंत्र) एजुकेशनल मैप, व्हाइट बोर्ड(स्टैण्डर्ड/मार्कर एवं डस्टर), टेबल एवं चेयर सहित कुल 16 प्रकार की सामग्री शामिल है।

————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361